समाचार

# 08 जुलाई को वार्ड क्र. 07, 16, 29, 34, 42, 48, 54, 67 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 07 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 08 जुलाई गुरूवार को वार्ड क्र. 07, 16, 29, 34, 42, 48, 54, 67 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 08 जुलाई गुरूवार को वार्ड क्र. 07 मोतीसागरपारा पोखरीपारा आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया चारपारा सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार सामुदायिक भवन बांस बाड़ी, वार्ड क्र. 34 फायर कालोनी मंच, वार्ड क्र. 42 शिवनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 48 नागिनभांठा सलिहाभांठा आशीष अग्रवाल घर के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 67 आंगनबाड़ी केन्द्र बांधापारा के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1366 शिविरों के माध्यम से 68186 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।